## तीन दिन से हो रही रिमझिम बारिश अब तक हुई 570 मिलीमीटर वर्षा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 अगस्त, जिले में अगस्त के महीने में भी रिमझिम बारिश हो रही है. तीसरे दिन भी सूर्यदेव के दर्शन नही हुए और रूक-रूक कर बारिश होती रही. त्योंथर और जवा क्षेत्र में अच्छी बारिश हुई है. बीहर और बकिया के गेट खोले गये है वही बेलन नदी भी उफान पर है.**

गौरतलब है कि सावन में इस बार अच्छी बारिश हुई है. तीन दिन से रूक-रूक कर बारिश हो रही है जिससे तापमान में गिरावट आने के साथ उमस भरी गर्मी से राहत मिली है और यह पानी धान की फसल के लिये बेहद लाभ दायक है. जिले में एक जून से अब तक 570.4 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है. जिले में 4 अगस्त को 36.9 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई. इस दिन तहसील त्योंथर में सर्वाधिक 130 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई.

इसके साथ-साथ तहसील हुजूर में 15 मिली मीटर, रायपुर कर्चुलियान में 16 मिली मीटर, गुढ़ में 30 मिली मीटर, सिरमौर में 7 मिली मीटर, सेमरिया में 6 मिली मीटर, मनगवां में 35 मिली मीटर तथा जवा में 56 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई.एक जून से अब तक तहसील हुजूर में 704.7 मिली मीटर, रायपुर कर्चुलियान में 524 मिली मीटर, गुढ़ में 828 मिली मीटर, सिरमौर में 513.6 मिली मीटर, त्योंथर में 534 मिली मीटर, सेमरिया में 526 मिलीमीटर, मनगवां में 565 मिली मीटर तथा जवा में 368 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज गयी.

गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 272.8 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गयी थी. इस बार जिले में अच्छी वर्षा हुई है.

### मऊगंज में अब तक 1119 .2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

मऊगंज जिले में एक जून से अब तक 1119 .2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है. एक जून से अब तक तहसील मऊगंज में 1007 .4 मिलीमीटर, हनुमना में 1188 .4 मिलीमीटर तथा नईगढ़ी में 1161 .9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है. जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 414 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी. जिले में पिछले 24 घण्टों के दौरान 13 .8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई. पिछले 24 घण्टों के दौरान तहसील मऊगंज में 11 .4 मिलीमीटर, हनुमना में 18 मिलीमीटर तथा नईगढ़ी में 12 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई. जिले की सामान्य औसत वार्षिक वर्षा 1044 .6 मिली मीटर है.

## सावन के अंतिम सोमवार को शिवालयों में भक्तों का सैलाब

### जगह-जगह भंडारे का बटा प्रसाद, देर रात तक लगा रहा तांता, बारिश में भी नहीं कम हुई भक्ति





नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 अगस्त, सावन के अंतिम सोमवार को शिवालयो में भक्तो का जनसैलाब उमड़ पड़ा. पहले से ही यह उम्मीद थी कि अंतिम दिन भारी भीड़ भक्तो की दर्शन करने पहुंचेगी. जिसके चलते सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे.**

शहर के किला स्थित महामृत्युंजय मंदिर एवं कोठी कम्पाउण्ड मनकामेश्वर मंदिर में भक्तो का सैलाब उमड़ पड़ा. तड़के पट खुलने के पहले ही लम्बी कतार लग गई थी. दोपहर कुछ समय के लिये पट बंद हुआ और उसके बाद देर रात तक भक्तो की भीड़ लगी रही. दरअसल पवित्र सावन महीने का अंतिम सोमवार था, इस लिये हर कोई भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिये आतूर था. सबसे ज्यादा भीड़ अंतिम सोमवार को देखने को मिली. सुबह से लेकर देर रात तक ताता लगा रहा. मनकामेश्वर मंदिर कोठी कम्पाउण्ड में सुबह पट खुलने के पहले ही सड़क तक लम्बी लाइन लग गई थी और पट खुलने के बाद भक्तो ने भगवान मनकामेश्वर भोलेनाथ को जल चढ़ाकर पूजा अर्चना की, लोगो ने हवन भी किये. वही यहा कई भंडारे का प्रसाद बांटा गया. अंतिम दिन सबसे ज्यादा भंडारा हुआ. दूरदराज से पहुंचे लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया. शहर के सभी शिव मंदिरो में अंतिम सोमवार को भक्तो की भीड़ देखने को मिली. सुरक्षा के दृष्टि से सभी मंदिरो में पुलिस तैनात थी. इसी तरह देवतालाब स्थित भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिये दूरदराज से लोग पहुंचे. मऊगंज, देवतालाब, नईगढ़ी क्षेत्र ही नही बल्कि आसपास के अन्य जिलो से लोग भगवान भोलेनाथ को जल चढ़ाने पहुंचते है. गुढ़ कष्टहरनाथ, ढ़ढेश्वर शिव मंदिर में भी भक्तो का ताता लगा रहा. सुबह से लेकर देर रात तक भक्त दर्शन के लिये ड़टे रहे. रक्षा बंधन से सावन का महीना समाप्त हो जायेगा और आज अंतिम सोमवार था इस लिये सबसे ज्यादा भीड़ थी.

**घरो में लोगो ने किया शिव पूजन -** अंतिम सोमवार को लोगो ने अपने घरो में मिट्टी के भोलेनाथ बनाकर विधि विधान से पूजा अर्चना की और अभिषेक किया. सावन के महीने में भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा की जाती है और यह पवित्र महीना भोलेनाथ को अतिप्रीय है. लोगो ने अपने घरो में शिव पूजन कराया और भंडारे का प्रसाद वितरित किया.

## कोरेक्स तस्कर बनारस से गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 4 अगस्त, मऊगंज पुलिस को नशे के विरुद्ध अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हाथ लगी है.**

अंतरराज्यीय कोरेक्स तस्कर सुमित केसरी को बनारस (उत्तर प्रदेश) से गिरफ्तार किया गया है. मऊगंज पुलिस की इस कार्रवाई से मध्य प्रदेश में कोरेक्स की तस्करी के नेटवर्क को तोड़ने में बड़ी मदद मिलने की संभावना है.सुमित केसरी पर आरोप है कि वह मध्य प्रदेश के कई जिलों में कोरेक्स की थोक मात्रा में तस्करी करता था. उसकी गिरफ्तारी के साथ पुलिस को इस गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों और नेटवर्क की जानकारी मिलने की भी उम्मीद है. इस महत्वपूर्ण कार्रवाई को मऊगंज पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह, एसडीओपी सचि पाठक और थाना प्रभारी राजेश पटेल के संयुक्त नेतृत्व में अंजाम दिया गया. पुलिस की टीम ने तकनीकी निगरानी और गुप्त सूचना के आधार पर बनारस में दबिश दी और तस्कर को गिरफ्तार किया. फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने में जुटी है कि इसके तार किन-किन जिलों और लोगों से जुड़े हुए हैं. मऊगंज पुलिस की यह कार्रवाई मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चल रही मुहिम में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है. एक बड़े रैकेट का खुलासा होगा.

## 31 अगस्त तक ई-केवाइसी अनिवार्य

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 अगस्त, सामाजिक न्याय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित समस्त पेंशन योजनाओं के अधिकांश हितग्राहियों को 31 अगस्त तक हर हाल में ई-केवायसी कराना अनिवार्य होगा.**

नगर निगम के सामाजिक सुरक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रदेश शासन सामाजिक न्याय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग मंत्रालय के निर्देशानुसार विभागों के अंतर्गत संचालित समस्त पेंशन योजनाओं के अधिकांश हितग्राहियों की ई-केवायसी का सत्यापन नहीं हो पाया है. शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने तथा अपात्र हितग्राहियों को हटाने के लिए समस्त हितग्राहियों की ई-केवायसी होना अनिवार्य है. लापरवाही न बरते.

## संक्षिप्त

### पोर्टल में ई-केवाइसी सत्यापन न होने पर रुकेगी पेंशन

**रीवा, 4 अगस्त,** शासन द्वारा सामाजिक न्याय विभाग के तहत पात्र दिव्यांगजनों, वृद्धजनों तथा अन्य हितग्राहियों को पेंशन योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है. इन्हें हर महीने पात्रता के अनुसार राशि इनके बैंक खाते में जारी की जाती है. सामाजिक सुरक्षा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन सहित सभी पेंशन योजनाओं में 31 अगस्त तक समग्र पोर्टल में ई केवाईसी सत्यापन के निर्देश दिए गए हैं. शासन द्वारा जारी निर्देश के अनुसार हितग्राहियों द्वारा सत्यापन न कराने पर योजनाओं का लाभ होल्ड किया जाएगा. ई केवाईसी कराने के बाद ही पेंशन योजना पुन- लाभ दिया जाएगा. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को शिविर लगाकर तथा घर-घर जाकर शेष बचे हितग्राहियों की ई केवाईसी सत्यापन 25 अगस्त तक अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए हैं. कलेक्टर ने कहा है कि आयुक्त नगर निगम तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ई केवाईसी सत्यापन की नियमित समीक्षा कर प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करें.

### तीर्थ दर्शन ट्रेन से यात्रा के लिए आवेदन 13 अक्टूबर तक

**रीवा, 4 अगस्त**, मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना से वरिष्ठ नागरिकों को किसी एक तीर्थ स्थल की नि :शुल्क यात्रा कराई जाती है. इस योजना के तहत 60 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे वरिष्ठ नागरिक जो आयकर दाता नहीं हैं तीर्थयात्रा कर सकते हैं. महिलाओं को आयु सीमा में दो वर्ष की छूट दी गई है. इस संबंध में कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि रीवा रेलवे स्टेशन से तीर्थ दर्शन ट्रेन 25 अक्टूबर को द्वारिका-सोमनाथ के लिए प्रस्थान करेगी. पात्र बुजुर्ग तीर्थ दर्शन यात्रा का लाभ लेने के लिए तहसील कार्यालय, जनपद कार्यालय अथवा नगर पंचायत कार्यालय में 13 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं. कलेक्टर ने पात्र बुजुर्गों से मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का लाभ उठाने की अपील की है.

### प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन 23 सितंबर तक

**रीवा, 4 अगस्त,** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय द्वारा कक्षा 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश परीक्षा के लिए विद्यार्थियों से ऑनलाइन आवेदन 23 सितंबर तक आमंत्रित किये गये हैं. शैक्षणिक सत्र वर्ष 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं और 11वीं में पार्श्व प्रवेश परीक्षा के माध्यम से रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया जायेगा. इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य एनके तिवारी ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई से प्रारंभ हो चुका है. आनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 23 सितंबर है. विद्यार्थियों के चयन के लिए प्रवेश परीक्षा 7 फरवरी 2026 को आयोजित की जायेगी. कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए विद्यार्थी की जन्म तिथि एक मई 2011 से 31 जुलाई 2013 (दोनों तिथियाँ सम्मिलित) तथा कक्षा 11वीं में एक जून 2009 से 31 जुलाई 2011 (दोनों तिथियाँ सम्मिलित) के बीच होनी चाहिए.

### तीर्थ दर्शन ट्रेन से यात्रा के लिए आवेदन 13 अक्टूबर तक

**रीवा, 4 अगस्त**, मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना से वरिष्ठ नागरिकों को किसी एक तीर्थ स्थल की नि :शुल्क यात्रा कराई जाती है. इस योजना के तहत 60 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे वरिष्ठ नागरिक जो आयकर दाता नहीं हैं तीर्थयात्रा कर सकते हैं. महिलाओं को आयु सीमा में दो वर्ष की छूट दी गई है. इस संबंध में कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने बताया कि रीवा रेलवे स्टेशन से तीर्थ दर्शन ट्रेन 25 अक्टूबर को द्वारिका-सोमनाथ के लिए प्रस्थान करेगी. जिले के पात्र बुजुर्ग तीर्थ दर्शन यात्रा का लाभ लेने के लिए तहसील कार्यालय, जनपद कार्यालय अथवा नगर पंचायत कार्यालय में 13 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं.

### वृद्धाश्रम सभागार में काव्य गोष्ठी 15 को

**रीवा, 4 अगस्त,** विंध्य काव्य-साहित्य परिषद कलम परिवार द्वारा आगामी 15 अगस्त को स्थानीय रेडक्रास वृद्धाश्रम सभागार में सायं 03 :00 बजे से 06 :00 बजे तक दास्तान-ए-आजादी का कार्यक्रम रखा गया है. जिसमें देश को आजाद कराने वाले रणबॉकुरों के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर चर्चा के साथ नगर के रचनाकारों द्वारा अपनी रचनाओं के माध्यम से दिल से याद किया जायेगा और आभार ज्ञापित किया जायेगा. कलम परिवार के अध्यक्ष नागेन्द्र मिश्रा 'मणी' कार्यकारी अध्यक्ष ममता नरेन्द्र सिंह ने उक्त जानकारी दी.



जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते रीवा कमिश्नर बीएस जामोद

## उल्लास और उमंग के साथ मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस : पाल



नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 अगस्त, जिले भर में आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह पूर्वक मनाया जायेगा. जिला स्तरीय कार्यक्रम एसएएफ मैदान रीवा में आयोजित किया जायेगा.**

बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि जिले भर में स्वतंत्रता दिवस समारोह उल्लास और उमंग के साथ मनाया जायेगा. शासन के निर्देशों के अनुसार जिला विकासखण्ड तथा ग्राम पंचायत स्तर पर समारोह आयोजित किये जायेंगे. समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा. समारोह में सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन होगा. समारोह में आकर्षक परेड तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे. स्वतंत्रता दिवस पर शालाओं में विशेष मध्यान्ह भोजन का आयोजन होगा. कलेक्टर ने कहा कि जिला स्तरीय समारोह एसएएफ मैदान में प्रात: 9 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण से आरंभ होगा. समारोह में जिला पुलिस बल, एसएएफ, नगर सैनिक, औद्योगिक सुरक्षा बल, स्काउट गाइड्स तथा एनसीसी कैडेट द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी जायेगी. समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री जी के स्वतंत्रता दिवस संदेश का वाचन करेंगे. इसी तरह नगरीय निकायों, जनपद पंचायतों में ध्वजारोहण होगा.

## जल निगम अन्तर्गत सभी कार्य समानांतर रूप से कराएं : जामोद

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 अगस्त, कमिश्नर बीएस जामोद ने कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित संभागीय समीक्षा बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की.**

उन्होंने कहा कि हर घर में नल से जल पहुंचाने की प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना को तय समय सीमा में पूरा करें तथा इसके अंतर्गत संचालित सभी कार्य समानांतर रूप से किए जाएं.

उन्होंने कहा कि पाइपलाइन बिछाने के साथ ही इंटेक वेल, पम्पिंग, टंकी निर्माण आदि सभी कार्य समानांतर रूप से संचालित कराए जाएं ताकि जनवरी माह तक कार्यों को पूरा किया जा सके. निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा आने पर तत्काल अवगत कराएं. कमिश्नर ने कहा कि जल जीवन मिशन से हर घर में नल से जल पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी है. जिन गांवों में पानी की आपूर्ति की जा रही है वहाँ निर्धारित की गई जल कर की राशि ग्राम पंचायत के सहयोग से एकत्रित करें. जल उपभोक्ताओं से सतत संवाद रखते हुए पानी की आपूर्ति के संबंध में किसी भी तरह की शिकायत मिलने पर उसे तत्काल दूर कराएं. समूह नल जल योजनाओं के कार्यों के सहयोग के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं की सेवाएं लेते हुए नलजल योजनाओं के संचालन, संधारण, जल कर की वसूली आदि में महिलाओं की भी भागीदारी सुनिश्चित कराएं. बैठक में कमिश्नर ने कहा कि लोगों को नलजल योजना के पानी के दुरूपयोग न करने के लिए जागरूक करते हुए यह समझाइश दें कि व्यर्थ पानी न बहाएं और पंप आदि से पानी न खींचे ताकि अंतिम छोर तक पाइपलाइन से पानी पहुंच सके. बैठक में संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय आदि मौजूद रहे.

## सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण सात दिन में करने का अल्टीमेटम

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 अगस्त, कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें.**

आगामी सात दिनों में सीएम हेल्पलाइन में सौ दिन से अधिक समय से लंबित सभी प्रकरणों का निराकरण करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करें. कार्यालय प्रमुख स्वयं प्रकरणों का अध्ययन करके उनमें तथ्यपरक उत्तर दर्ज कराएं. मांग आधारित आवेदनों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार बंद करें. जुलाई माह की ग्रेडिंग में कोई भी विभाग डी और सी श्रेणी में न रहे. अपर कलेक्टर सीएम हेल्पलाइन में लंबित भू अर्जन के प्रत्येक प्रकरण की समीक्षा करके उनका निराकरण कराएं. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, जिला श्रम पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, कार्यपालन यंत्री पीएचई, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग तथा जिला आपूर्ति अधिकारी सीएम हेल्पलाइन के निराकरण पर विशेष ध्यान दें. एल-1 अधिकारी से बिना किसी कार्यवाही के आवेदन आगे जाने पर संबंधित अधिकारी को नोटिस देकर कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही करें. जनपद के सीईओ समग्र पोर्टल में हितग्राहियों का शत-प्रतिशत ई केवाईसी 25 अगस्त तक सुनिश्चित करें. ई केवाईसी न होने पर हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ नहीं मिलेगा. बैठक में कलेक्टर ने अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति छात्रावासों में विद्यार्थियों के प्रवेश की समीक्षा की.

कलेक्टर ने बड़ी संख्या में स्थान रिक्त रहने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सभी एसडीएम छात्रावासों में विद्यार्थियों का शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित करें. इसमें लापरवाही बरतने वाले जनजातीय कार्य विभाग के अधीक्षकों और अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करें. सभी एसडीएम अपने क्षेत्र में वर्षा और बाढ़ की स्थिति पर निगरानी रखें. अतिवृष्टि से हानि होने पर तत्काल प्रकरण दर्ज कर पीड़ितों को राहत राशि उपलब्ध कराएं. बैठक में अधिकारी मौजूद रहे.

## चिटफंड कम्पनी के प्रलोभन का शिकार हुए सैकड़ों लोग

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 अगस्त, शहर के बिछिया थाना अन्तर्गत एसएएफ चौराहे के पास खुली रिसीवर क्रेडिट कोआपरेटिव लिमिटेड़ कम्पनी के झांसे में आकर सैकड़ो लोगो ने पैसा जमा किया और अब कम्पनी पैसे देने में आनाकानी कर रही है.**

पीड़ित लोग शिकायत करने बिछिया थाना पहुंचे. पुलिस शिकायत के आधार पर जांच का आश्वासन दे रही है. जानकारी के मुताबिक एसएएफ चौराहे के पास रिसीवर क्रेडिट कोआपरेटिव लिमिटेड कम्पनी की शाखा खुली थी. जहा पर लोगो ने इस लालच में पैसा जमा किया पांच से सात साल में उनका पैसा कई गुना बढ़ जायेगा. बताया गया है कि कम्पनी की शाखा एक सतना में खुली है और मुख्यालय लखनऊ में है. जिन लोगो ने पैसा लगाया वह अब अपना पैसा पाने के लिये भटक रहे है. विनोद कुमार विश्वकर्मा और सुरेश साहू ने बताया कि पैसा मांगने पर नही दिया जा रहा है और एसएएफ चौराहे के पास खुली शाखा भी बंद हो चुकी है. लाखो रूपये जमा कराने के बाद कम्पनी ने रीवा की शाखा बंद कर दी है लोग अब खुद को ठगी का शिकार समझ रहे है. लाखो रूपये जमा करने वाले अब दर-दर भटक रहे है कोई सुनवाई नही हो रही है. कई निवेशको को जब शंका हुई तो उन्होने पैसा जमा करना बंद कर दिया. अपना जमा पैसा पाने के लिये शिकायत लेकर पीड़ित बिछिया थाना पहुंचे. थाना प्रभारी बिछिया मनीष उपाध्याय का कहना है कि जांच की जा रही है.

## संभागीय नजूल निर्वर्तन समिति की बैठक कल

**रीवा, 4 अगस्त,** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद की अध्यक्षता में 6 अगस्त को संभागीय नजूल निर्वर्तन समिति की बैठक आहूत की गई है. कमिश्नर कार्यालय में सुबह 11.15 बजे से आयोजित बैठक में रीवा जिला नजूल भूमि निर्वर्तन समिति द्वारा प्रस्तुत प्रकरणों पर निर्णय लिया जायेगा. इस अवसर पर अपर आयुक्त रीवा संभाग, कलेक्टर रीवा, संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश व जिला पंजीयक उपस्थित रहेंगे. बैठक में कई प्रकरणों को लेकर भी चर्चा की जायेगी.

## सोहागी घाटी में अनियंत्रित ट्रक पलटा, एक की मौत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 अगस्त, रीवा-प्रयागराज के हाइवे सोहागी घाटी में सोमवार की सुबह ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया. जिसमें एक की मौत हो गई, जबकि दो घायल हुए है. जिन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया है.**

रीवा से प्रयागराज की ओर जा रहा ट्रक जैसे ही सोहागी घाटी में पहुंचा ढ़लान में उतरते समय अनियंत्रित हो गया और पलट गया. जिसमें बाराबंकी यूपी निवासी अमलेश यादव की मौत हो गई. जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये जिन्हे त्योंथर अस्पताल में भर्ती कराया गया है. सुबह हादसे के बाद सोहागी पुलिस को जानकारी मिली. जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची.

## छात्रावास में कम संख्या मिलने पर एसडीएम ने जताई नाराजगी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 अगस्त, शासकीय नवीन प्री मेट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास एवं सोसाइटी गुढ़ का निरीक्षण एसडीएम डॉ. अनुराग तिवारी द्वारा किया गया.**



निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रावास में निवासरत छात्रों की जानकारी ली, जहाँ मात्र 20 छात्रों का ही दाखिला पाया गया जबकि निर्धारित संख्या 50 होनी चाहिए थी. छात्रों की कम उपस्थिति पर एसडीएम ने नाराजगी जाहिर की और तत्काल क्षेत्र में भ्रमण कर अधिक से अधिक छात्रों को दाखिले के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए. गुढ़ एसडीएम ने गुढ़ में संचालित शासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक बुलाने की बात कही, जिससे छात्रावास में नामांकन की स्थिति में सुधार किया जा सके. निरीक्षण के दौरान उन्होंने सोसाइटी में यूरिया सहित अन्य रासायनिक खादों के भंडारण और लेखा-जोखा की भी बारीकी से जांच की.